164

# KN-92

## B.A. (Part-III) Examination, 2022

## ( New Course )

## FOUNDATION COURSE

## ( Hindi Bhasha )

***Time Allowed : Three Hours***

***Maximum Marks : 75***

***Minimum Passing Marks : 25***

**निर्देश : सभी प्रश्न अनिवार्य** हैं। अंक प्रश्नों के समक्ष अंकित हैं।

1. (क) भारत माता कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए। [8]

**अथवा**

भारत माता के स्वरूप को कवि ने किस तरह व्यक्त किया है?

(ख) शैली से क्या अभिप्राय है? व्याख्यात्मक शैली की विशेषताएँ लिखिए। [7]

**अथवा**

विवरणात्मक शैली से आप क्या समझते हैं? उदाहरण देते हुए उसकी विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

2. (क) "सूखी डाली एकांकी के माध्यम से संयुक्त परिवार की आवश्यकताओं और अच्छाईयों की ओर संकेत किया गया है।" इससे आप कहाँ तक सहमत हैं? स्पष्ट कीजिए। [8]

**अथवा**

'सूखी डाली' की पात्र बेला का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ख) विनम्रता सूचक संरचनाओं से क्या तात्पर्य है? उदाहरण सहित लिखिए। [7]

**अथवा**

निषेधपरक संरचना क्या है? विभिन्न प्रकार की निषेधपरक संरचना लिखिए।

3. (क) मालती जोशी कृत कहानी 'वसीयत' का सारांश लिखिए। [8]

अथवा

मालती जोशी कृत कहानी ‘वसीयत’ का उद्देश्य क्या है?

(ख) परिपत्र किसे कहते हैं? परिपत्र बनाते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए, प्रारूप देते हुए समझाइए। [7]

अथवा

ज्ञापन का प्रयोग किन-किन रूपों में किया जाता है? ज्ञापन का एक उदाहरण देकर प्रयोग विधि समझाइए।

4. (क) ‘योग की शक्ति’ पाठ का महत्व प्रतिपादित कीजिए। [8]

अथवा

‘योग की शक्ति’ का उद्देश्य बताइए।

(ख) अनुवाद को ‘सांस्कृतिक-सेतु की संज्ञा दी जाती है; क्यों? तर्क सहित उत्तर दीजिए। [7]

अथवा

अनुवाद से आप क्या समझते हैं? अनुवाद करते समय किन-किन बातों को ध्यान में रखना आवश्यक होता है? विस्तारपूर्वक समझाइए।

5. (क) सिद्ध कीजिए कि 'भारतीय सांस्कृतिक विविधता' में एकता विद्यमान है। [8]

**अथवा**

लेखक 'संधिवीची' संस्कृति की संज्ञा किसे देता है? समझाकर लिखिए।

(ख) प्रतिवेदन से आप क्या समझते हैं? प्रतिवेदन की उपादेयता पर प्रकाश डालिए। [7]

**अथवा**

किसी दुर्घटना की जाँच प्रतिवेदन तैयार कीजिए।

---x----